दिन– शुक्रवार दिनांक– 15/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि : 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जनजातीय गौरव दिवस पर जमुई में छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती वर्ष समारोह का भी शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य जनजातीय समुदायों का उत्थान और ग्रामीण तथा दूर–दराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और समृद्ध आदिवासी विरासत और संस्कृति पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। उन्होंने दो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय और दो जनजातीय अनुसंधान संस्थानों का भी उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों के समृद्ध इतिहास और विरासत को संरक्षित करना है। प्रधानमंत्री जमुई से वर्चुअल माध्यम से पीएम–जनमन अभियान के अंतर्गत बनाए गए ग्यारह हजार घरों के गृह प्रवेश में भी शामिल हुए। समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा के वंशज बुधराम मुंडा और शहीद सिद्धो कान्हू के परिवार के सदस्य मंडल मुर्मू को भी सम्मानित किया।

———————————————————

आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। इस अवसर पर राजधानी पटना में सचिवालय के पास स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

———————————————————

सिख धर्म के संस्थापक गुरु गुरुनानक देव जी महाराज का पांच सौ पचपनवां प्रकाशोत्सव आज पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटनासिटी स्थित तख्त श्री हरिमंदिर साहिब में एक विशेष दीवान सजाया गया है जहां लोग अरदास अर्पित कर रहे हैं। मध्य रात्रि में गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया

जाएगा। इधर, राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————

आज कार्तिक पूर्णिमा है। इस अवसर पर लोग सुबह से ही गंगा, कोसी, गंडक और बागमती समेत राज्य की अन्य पवित्र नदियों में स्नान कर रहे हैं। सारण जिले में गंगा और गंडक नदियों के प्रसिद्ध संगम कोन्हारा घाट पर स्नान के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े हैं। पटना के विभिन्न गंगा घाटों, बेगूसराय के सिमरिया घाट, बक्सर के रामरेखा घाट, शिवहर के बेलवा और डुब्बा घाट पर भी बड़ी संख्या में लोग आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। श्रद्धालु मंदिरों में पूजा–पाठ कर दान–पुण्य कर रहे हैं। बेगूसराय से हमारे संवाददाता ने बताया है कि पिछले एक महीने से चल रहे प्रसिद्ध कार्तिक कल्पवास मेले का आज समापन हो जायेगा।

———————————————————————

सिवान जिले के लकड़ीनबीगंज थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि एक व्यक्ति की आंखों की रौशनी चली गई है। वहीं, एक अन्य को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। इधर, प्रशासन की ओर से शराब कारोबारियों की धर–पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

———————————————————————

दक्षिण बिहार के मगध, पटना, भागलपुर और मुंगेर प्रमंडल के उन्नीस जिलों में आज से धान की सरकारी खरीद शुरू हो गयी है। यह खरीद पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से की जा रही है। राज्य सरकार ने इस वर्ष पैंतालीस लाख टन धान खरीद का लक्ष्य रखा है। साधारण धान तेईस सौ रूपये और ग्रेड–ए धान तेईस सौ बीस रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जायेगी। उत्तर बिहार के उन्नीस जिलों में एक नवंबर से ही धान की अधिप्राप्ति की जा रही है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।